
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-04-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 04-11-2026 23:08 Color:

नई दिल्ली > **रविवार, 12 अप्रैल 2026** > चैत्र 22, शक संवत 1948, वैशाख कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 22, संख्या 15 > पेज 24* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50* संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*मासिक खरीद पर ही लागू


www.nbt.in



अब हम होर्मुज को साफ करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे है। कोई अंदाजा नहीं है कि ईरान के साथ बातचीत कैसी रहेगी।
-डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति

# NBT संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



पाकिस्तान में मौजूद ईरानी वार्ताकार ईरान के हितों की रक्षा कर रहे हैं। सरकार हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहेगी।
-मसूद पेजेश्कियान, ईरान के राष्ट्रपति




## STAR WARS
IPL : आज का मैच

**लखनऊ सुपर जॉइंट्स Vs गुजरात टाइटंस**
लखनऊ में, शाम 3:30 बजे से

**मुंबई इंडियंस Vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
मुंबई में, शाम 7:30 बजे से
टेलिकास्ट : जियोहॉटस्टार पर

## हैपी मॉर्निंग

**पापा:** बेटा, जिंदगी में कुछ बनना है तो मेहनत करो।
**चिंटू:** पापा, मैं तो पहले से ही 'कुछ' हूं। **पापा:** क्या?
**चिंटू:** आपकी उम्मीदों का तारा।

## मौसम

अधिकतम तापमान 34.7°
18.6° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त रविवार 6:45 | सूर्योदय सोमवार 5:58
अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा।

* 16+8 DelhiTimes

### इस्लामाबाद में ईरान की अमेरिका से मांग- लेबनान पर हमले बंद हों, आज भी दोनों करेंगे बैठक

# अमन की आशा

## 47 साल बाद US-ईरान की आमने-सामने बातचीत


■ एपी/पीटीआई, इस्लामाबाद

**ईरान और** अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में शांति वार्ता शनिवार को इस्लामाबाद में शुरू हुई तो इससे वॉर के बीच अमन की आशा जगी है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वान्स से मुलाकात की, फिर ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर गालिबाफ से मिले। दोनों देशों की टीमों से पहले अलग-अलग कमरों में बात हुई। फिर ईरान और अमेरिकी नेता आमने-सामने बैठे, साथ में पाकिस्तानी नेता भी रहे। बैठक का पहला राउंड करीब 2 घंटे चला। बातचीत डिनर पर और फिर उसके आगे भी जारी रही। खबर है कि लेबनान में सीजफायर पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनती दिख रही है। ईरानी सूत्रों का यह भी कहना है कि फ्रोजन ईरानी संपत्ति को लेकर भी कुछ प्रगति के संकेत मिले हैं। यह मीटिंग आज भी जारी रह सकती है।

**बातचीत का पहला दौर करीब 2 घंटे तक चला, पॉजिटिव संकेत मिले**

47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार है, जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े लेवल पर आमने-सामने बैठकर बातचीत की है। बातचीत बंद कमरों में हुई, जिससे जानकारियां स्पष्ट तौर पर देर रात तक सामने नहीं आई, लेकिन दोनों पक्षों के डिनर के बाद भी मुलाकात से आगे और प्रगति की उम्मीद जताई गई।

AP



**बैठक जारी...** इस्लामाबाद में पाकिस्तान के पीएम से ईरान के मुद्दे पर बात करने जाते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वान्स।



**उम्मीदें जगीं...** ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकिर गालिबाफ से पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने अलग बात की।

| अमेरिका की तरफ से | ईरान की तरफ से | पाकिस्तान की तरफ से |
|---|---|---|
| जेडी वांस (उपराष्ट्रपति) | मोहम्मद बाकिर गालिबाफ (संसद के स्पीकर) | शहबाज शरीफ (प्रधानमंत्री) |
| स्टीव विटकॉफ (खास दूत) | अब्बास अराघची (विदेश मंत्री) | आसिम मुनीर (आर्मी चीफ) |
| जेरेड कुशनर (ट्रंप के दामाद) | मजीद तख्त रवांची (उप विदेश मंत्री) | इशाक डार (विदेश मंत्री) |
| ब्रैड कूपर (सैन्य अधिकारी) | बातचीत अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। | आसिम मलिक (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) |

## 'ईरान हार रहा', ट्रंप के इस बयान से बैठक पर असर

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान मौजूदा संघर्ष में बुरी तरह हार रहा है। ट्रंप ने यह बयान उस वक्त दिया जब पाकिस्तान के इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता जारी है। ट्रंप ने कहा, फेक न्यूज मीडिया ईरान को मजबूत दिखा रहा है, जबकि ईरान की बड़ी हार है। अल जजीरा के मुताबिक शुरुआत में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सहज दिख रहा था, लेकिन ट्रंप की इस तीखी और आक्रामक भाषा ने बातचीत के माहौल को प्रभावित किया है। जेडी वान्स के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई है, क्योंकि वह ऐसे युद्ध को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे वह खुद शुरू नहीं करना चाहते थे।

**ट्रंप ने साधा अमेरिकी मीडिया पर निशाना**

## लेबनान के पीएम ने US दौरा रद्द किया



AP

**इस्राइल के हमले** लेबनान में 24 घंटे में 200 से ज्यादा जगह हमले।

**मीडिया रिपोर्ट** के मुताबिक लेबनान ने इस्राइल के साथ सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका में बात करने से इनकार कर दिया है। वहीं खबर है कि लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने अपना अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। वह अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाने वाले थे, जहां उनकी मुलाकात अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से होनी थी। नवाफ सलाम ने कहा कि लेबनान के मौजूदा हालात को देखते हुए उनका देश में रहना जरूरी है। ⏩ पेज 11



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in